Seat No. : ____________

MA-04

Hindi Paper-I (Main)

आधुनिक गद्य साहित्य (मुख्य)

Time : 3 Hours] **[Total Marks: 100**

१. निम्नलिखित गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **३०**

(क) शायद मृत्यु का ज्ञान और जीवन की कामना एक ही चीज है । यह बहुत बार सुनने में आता है कि जीना वही जानता है, जो मरना जानता है ।

अथवा

(क) खींच ले ब्राह्मण की शिखा ! शूद्र के अन्न से पले हुए कुत्ते ? खींच ले ! परंतु यह शिखा नन्दकुल की कालसर्पिणी है, वह तब तक न बन्धन में होगी, जब तक नन्दकुल निःशेष न होगा ।

(ख) शरतबाबू के उपन्यासों की यह नारी अपने विश्वास पर अडिग होकर आज भी आगे बढ़ रही है । रूप बदल दो, नाम बदल दो, समय बदल दो, जगह बदल दो, पर यह कभी बदल नहीं सकती ।

अथवा

(ख) एक आदर्श, एक जीवनदर्शन, एक प्रेरणा, एक लक्ष्य, न जाने कब से भारत की अन्तरात्मा में प्रतिष्ठित यह अद्‌भुत एकता काम करती आ रही है । इतने वैविध्य और वैचित्र्य के अंतर में ऐसी अगाध एकता की बात कुछ आश्चर्यजनक ही दीखती है, पर है सत्य ।

(ग) मैं तो कुछ भी नहीं कर रहा हूँ । इस बात को स्वीकार कर लो कि मैं जिन्दगी में फेलियर हूँ , कम्पलीट फेलियर । कुछ नहीं कर सका ! जैसे मेरी जिंदगी में अब फुलस्टाप लग गया है ।

अथवा

(ग) वह एक पूरा आदमी चाहती है अपने लिए - एक - पूरा आदमी । गला फाड़कर वह यह बात कहती है । कभी इस आदमी को ही वह आदमी बना सकने की कोशिश करती है । कभी तड़पकर अपने को इससे अलग कर लेना चाहती है ।

२. सिद्ध कीजिए कि ' शेखरः एक जीवनी ' एक सफल मनोवैज्ञानिक उपन्यास है । **१५**

अथवा

२. " खंडित व्यक्तित्व चेतना को ' आधे अधूरे ' नाटक में लेखक ने मनोवैज्ञानिक धरातल पर बड़े सशक्त ढंग से चित्रित किया है ।" – इस विधान की युक्तियुक्त समीक्षा कीजिए । **१५**

३. “ ‘मैला आँचल’ समस्याप्रधान यथार्थवादी उपन्यास है ।” – इस कथन की उदाहरण सहित समीक्षा कीजिए । १५

अथवा

३. “ नाटककार ने ‘ चंद्रगुप्त ’ में सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय जागरण का अद्‌भुत निरूपण किया है ।” – समझाइए । १५

४. संक्षिप्त उत्तर दीजिए : २०

(क) ‘ कुटज ’ के निबंधों में मानवतावाद ।

अथवा

(क) चाणक्य का चरित्र निरूपण ।

(ख) ‘ जिंदगी और गुलाब के फूल ’ कहानी संग्रह की कहानियों में निरूपित स्त्री की छवि ।

अथवा

(ख) ‘ शेखर: एक जीवनी ’ में वय: संधि का चित्रण ।

(ग) ‘ कच्चे धागे ’ की कुंतल ।

अथवा

(ग) ‘ मैला आँचल ’ शीर्षक की सार्थकता ।

(घ) ‘ आधे अधूरे ’ नाटक में निरूपित अंतर्बाह्य संघर्ष ।

अथवा

(घ) ‘ मानवधर्म ’ निबंध का उद्देश्य ।

५. सूचनानुसार उत्तर लिखिए : २०

(अ) एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

(१) होस्टेल के लड़कों ने शेखर का विरोध क्यों किया ?

(२) बावनदास किस पार्टी से सम्बन्धित है ?

(३) शेखर ने मद्रास में किस क्लब की स्थापना की थी ?

(४) ‘ मैला आँचल ’ शीर्षक की प्रेरणा रेणुजी को कहाँ से मिली ?

(५) ‘ चंद्रगुप्त ’ नाटक में कितने अंक हैं ?

(६) ‘ अज्ञेय ’ का पूरा नाम बताइए ।

(७) कल्याणी किसकी हत्या करती है ?

(८) मेरीगंज में प्यार की खेती करने की इच्छा किसकी है ?

(९) शेखर का असली नाम क्या है ?

(१०) ‘ पैरम्बुलेटर ’ किसका प्रतीक है ?

(आ) सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए :

(१) ' आधे अधूरे ' कितने अंक का नाटक है ?

(क) पाँच (ख) तीन (ग) चार

(२) निम्नांकित में से कौन सी कृति जयशंकर प्रसाद की नहीं है ?

(क) स्कंदगुप्त (ख) मृगनयनी (ग) आकाशदीप

(३) अज्ञेयजी को किस कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है ?

(क) आंगन के पार द्वार (ख) कितनी नावों में कितनी बार (ग) शेखर : एक जीवनी

(४) इनमें से कौन सी रचना निबंध नहीं है ?

(क) दृष्टिदोष (ख) देवदास (ग) वैशाली

(५) निम्नांकित में से कौन सी कृति मोहन राकेश रचित नहीं है ?

(क) अंधेरे बंद कमरे (ख) पुनर्नवा (ग) लहरों के राजहंस

(इ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(१) गुरु नानकदेवजी की जन्मतिथि _________ है ।

(२) ' जिंदगी और गुलाब के फूल ' कहानी संग्रह में कुल _________ कहानियाँ संकलित हैं।

(३) ' आधे अधूरे ' नाटक में पुरुष दो की भूमिका में _________ है ।

(४) ' कुटज ' _________ साहित्यिक विधा की रचना है ।

(५) ' मैला आँचल ' उपन्यास में _________ गाँव का निरूपण है ।